


डिजीटल पत्र

# कांग्रेस दर्पण

बिहार

दैनिक



पटना, 14 मार्च, मंगलवार, 2023




# अडानी मामले में मोदी सरकार की चुप्पी के विरोध में राज्यसभा में विपक्ष के सांसदों ने विजय चौक तक मार्च निकाला

## संपादक की कलम से

हमारे कांग्रेस कार्यकर्तागण हम अपने तमाम जिला अध्यक्षों, प्रखंड अध्यक्षों और तमाम कार्यकर्ता से निवेदन करते है कि कांग्रेस दर्पण में अपने जिले और प्रखंड अस्तर की खबर को भेजें जिसे हम प्रमुखता से स्थान देते हैं, यहां कोई भी छोटा और बड़ा नहीं समझा जाता। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी को एक ताकतवर अध्यक्ष प्राप्त हुआ है और ऐसे में हम कार्यकर्ताओं की जवाबदेही है कि कांग्रेस से जुड़ी हर बात की जानकारी माननीय अध्यक्ष और तमाम कार्यकर्ताओं तक पहुंचाएं। कांग्रेस दर्पण जिसमें एक सशक्त माध्यम है। आज के इस डिजिटल दुनिया में कांग्रेस दर्पण का निर्माण कार्यकर्ताओं को मजबूती प्रदान करने की एक पहल है अकबर इलाहाबादी ने कहा था-

**'ना बम निकालो ना तलवार निकालो जब तोप मुकाबिल हो तो अखबार निकालो'**




-डॉ0 संजय कुमार,

संपादक, कांग्रेस दर्पण सह काँग्रेस कार्यकर्ता।

संपर्क -8252667278












बजट सत्र के दूसरे चरण को लेकर आज कांग्रेस अध्यक्ष व राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री Mallikarjun Kharge खकके चेम्बर में विपक्षी दलों की बैठक हुई। विपक्षी दलों की बैठक में 16 पार्टियों के नेता शामिल हुए।

INC, DMK, JDU, AAP, CPM, KC, RLD, NCP, NC, CPI, IUML, SS (Uddhav), MDMK, RSP, RJD, JMM






अपने मित्र पर राष्ट्र की संपत्ति लुटाने वाले ढट मोदी ने पूरे देश की अर्थव्यवस्था को खतरे में डाल दिया है। इस देशविरोधी नीति के खिलाफ Indian National Congress Chhattisgarh प्रभारी Kumari Selja जी, CM Bhupesh Baghel जी एवं प्रदेश अध्यक्ष Mohan Markam जी के नेतृत्व में राजभवन मार्च किया गया।

**अडानी महा लूट पर मोदी सरकार की चुप्पी संदिग्ध है, मोदी सरकार को अडानी महा लूट पर जवाब देना ही होगा, JPC का गठन करना ही होगा। आज ओडिशा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेशाध्यक्ष श्री शरत पटनायक के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन किया। मित्र हितैषी सरकार के विरुद्ध लड़ाई जारी रहेगी।**






**आज चंडीगढ़ में Indian National Congress Punjab नेताओं, कार्यकर्ताओं ने प्रदेशाध्यक्ष श्री Amarinder Singh Raja Warring के नेतृत्व में मोदी सरकार की 'मित्र प्रेमी' नीतियों व अडानी के महा घोटाले के विरुद्ध जोरदार प्रदर्शन कर 'राजभवन' की तरफ कूच किया।**









# #राजभवनघेराव में शिरकत करते विधायक दल नेता Alamgir Alam जी, मंत्री Badal Patralekh जी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्री Sukhdeo Bhagat जी सहित सम्मानित नेतागण
















प्रधानमंत्री जी अपने मित्र के काले धन पर चुप्पी साध लेते हैं। छक्ङ–रइकजैसी सरकारी संस्थाओं में मौजूद देश की पूंजी को अपने मित्र की संपत्ति बनाने और बचाने में लगा देते हैं। गौतम अडानी को ठेके दिलाने के लिए देश से लेकर विदेश तक पैरवी करते हैं। लेकिन, युवाओं को क्या मिल रहा है? भयंकर बेरोजगारी किसानों को क्या मिल रहा है? कम दाम और कर्ज का बोझ आम लोगों को क्या मिल रहा है? कमरतोड़ महंगाई आज उत्तर प्रदेश समेत देशभर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार की इस लूटनीति के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। प्रधानमंत्री जी को देशवासियों से ज्यादा दोस्त की दौलत की परवाह है, इसलिए हमारे कार्यकर्ताओं पर लाठियां बरसाई गईं। लेकिन, कांग्रेस पार्टी का एक–एक कार्यकर्ता भाजपा सरकार की इस लूटनीति के खिलाफ आवाज उठाता रहेगा। **-प्रियंका गांधी वाड्रा**

**मित्र प्रेमी मोदी सरकार के विरुद्ध जंग का आगाज़ हो चुका है.. देश के साथ हुई महा लूट पर JPC का गठन करना ही पड़ेगा। इसी मांग के साथ झारखंड कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने प्रदेशाध्यक्ष श्री राजेश ठाकुर के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन कर राजभवन का घेराव किया।**



## आज Indian National Congress Gujarat कार्यकर्ताओं ने प्रदेशाध्यक्ष श्री Jagdish Thakor के नेतृत्व में अडानी के महा घोटाले पर मोदी सरकार की चुप्पी के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन कर राजभवन की तरफ कूच किया। मोदी सरकार की 'मित्र प्रेमी' नीतियों के खिलाफ कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता लड़ाई लड़ रहा है।











दैनिक भास्कर समूह द्वारा दुबई वअए के होटल क्राउन प्लाजा के सभागार में आयोजित इंटरनेशनल अवार्ड 2023 में बिहार से सोसल सर्विसेज में उत्कृष्ट कार्य के लिए हमारे बड़े भाई गार्जियन हमारे आदर्श अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य सह निवर्तमान नालंदा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हमारे बड़े भाई आदरणीय #श्रीदिलीपकुमारजी को इस पुरस्कार से सम्मानित करने के लिए दैनिक भास्कर भारतीय समूह का बहुत बहुत आभार। यह पूर्ण बिहार वासियों एवं देशवासियों के सहयोग और स्नेह से ही हो पाया आप सभी का सहयोग और आशिर्वाद इसी तरह हमारे बड़े भाई को मिलता रहे ताकि बड़े भाई का #आशीर्वाद हमें प्राप्त होता रहे॥



कल दिनांक 12–3–23 को मा. नगरसेवक राजपति यादव जी (कार्यकरणी अध्यक्ष उत्तर मुंबई जिला) और मा.नगरसेविका डॉ. अजंता यादव जी के द्वारा वार्ड नं 28 में गणेश उत्सव गृहसजावट स्पर्धा बक्षीस वितरण सभारंभ किया गया। जिसमें अशोक सूत्रले जी कालू भुदहेलिया जी,सचिन सावंत जी,कमल प्रसाद यादव जी,संजय नागरेचा जी,रमेश यादव जी,ज्ञानदेव मोरे जी,प्रकाश बोराडे जी,संजय पवार जी,सुधीर गावड़े जी,छोटेलाल पहलवान जी,राजेन्द्र पहलवान जी,धनुषधारि जी,खरपत यादव जी मीना राय जी,मनोज विश्वकर्मा जी,अजय जी,रवि सालवे जी,एजाज सय्यद जी उपस्थित थे।

# हॉलीवुड में गूंजा भारत का नाम, ऑस्कर जीतने के बाद हर तरफ 'नाटु–नाटु' का शोर

पटना । इंजीनियर मोहिउद्दीन खान




भारत ने इतिहास रच दिया. द एलिफेंट व्हिस्परर्स को शॉर्ट फिल्म डॉक्यूमेंट्री कैटगरी जबकि आरआरआर फिल्म के गाने नाटु नाटु को बेस्ट ओरिजिनल सॉन्ग कैटगरी में जीत हासिल हुई है.एसएस राजामौली की फिल्म आरआरआर के गाने नाटु नाटु और गुनीत मोंगा की द एलिफेंट व्हिस्परर्स ने ऑस्कर्स में भारत का 94 साल का सूखा आज खत्म कर दिया. पहले द एलिफेंट व्हिस्परर्स को शॉर्ट फिल्म डॉक्यूमेंट्री कैटगरी में जीत मिली उसके कुछ देर बाद नाटु नाटु गाने को बेस्ट ओरिजिनल सॉन्ग कैटगरी में ऑस्कर का अवॉर्ड मिला.ऑस्कर में एक ही साल में दो दो अवॉर्ड भारतीय फिल्मों को मिला. इससे पूरे देश में खुशी देखी जा रही है. आम से लेकर खास तक, सभी इन फिल्मों के मेकर्स को खूब बधाई दे रहे हैं. दरअसल इन दो अवॉर्जड से पहले कई भारतीयों ने तो ऑस्कर जीता था, लेकिन किसी भारतीय प्रोडक्शन में बनी फिल्म को ये कामयाबी नहीं मिल पाई थी. कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जी और राहुल गांधी जी ने ऑस्कर के लिए 'आरआरआर', 'द एलिफेंट व्हिस्परर्स' की टीम को बधाई दी कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जी और, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी के कई अन्य नेताओं ने वृत्तचित्र 'द एलिफेंट व्हिस्परर्स' और फिल्म 'आरआरआर 'के मशहूर गीत 'नाटू नाटू' के ऑस्कर जीतने पर सोमवार को बधाई देते हुए कहा कि यह भारत के लिए अत्यंत गौरवशाली क्षण है। खरगे ने ट्वीट किया, 'हम 'नाटू नाटू' के ऑस्कर जीतने का जश्न मनाने में करोड़ों भारतीय नागरिकों के साथ शामिल हैं। भारत के लिए इतनी सारी खुशी लाने पर बहुत बहुत धन्यवाद। आरआरआर फिल्म की पूरी टीम को बधाई। उन्होंने 'द एलिफेंट व्हिस्परर्स' के ऑस्कर जीतने पर इस वृत्तचित्र की पूरी टीम को भी बधाई दी और कहा कि यह देश के लिए गौरवशाली क्षण है। राहुल गांधी जी ने 'नाटू नाटू' के ऑस्कर जीतने पर खुशी जताते हुए ट्वीट किया, ''जिस गीत को भारत ने बहुत पसंद किया, वह सही मायने में वैश्विक हो गया। संगीतकार एम. एम. कीरावानी, गीतकार चंद्रबोस और 'आरआरआर' की पूरी टीम को बधाई। उन्होंने 'द एलिफेंट व्हिस्परर्स' से जुड़ी पूरी टीम को भी बधाई दी और कहा कि इस वृत्तचित्र को बनाने वाली दो महिलाओं ने पूरे भारत को गौरवान्वित किया है। उल्लेखनीय है कि भारतीय फिल्म 'आरआरआर' के तेलुगु गीत 'नाटु नाटु' ने 95वें अकादमी पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ मूल ( ओरिजनल ) गीत की श्रेणी में ऑस्कर जीत कर इतिहास रच दिया है। तेलुगु गीत 'नाटु नाटु' के संगीतकार एम. एम. कीरावानी हैं और गीतकार चंद्रबोस ने इसके बोल लिखे हैं। इसे स्वर काल भैरव और राहुल सिप्लीगुंज ने दिया है। 'नाटु नाटु' का मतलब होता है 'नाचना'। कार्तिकी गोंजाल्विस द्वारा निर्देशित तमिल भाषा के वृत्तचित्र 'द एलिफेंट व्हिस्परर्स' ने 'डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट सब्जेक्ट' श्रेणी में भारत के लिए पहला ऑस्कर जीता।

## ये है भारत का जलवा







# भावभीनी श्रद्धांजलि

कांग्रेस का एक सच्चा सिपाही अपना पूरा जीवन कांग्रेस के नाम करके सदा लिए इस दुनिया से चला गया। फ़तेहपुर, उत्तर प्रदेश के श्री रामचरण शर्मा 'झंडेवाले' जी के निधन का समाचार पाकर मन को बेहद दुख पहुंचा। श्री रामचरण शर्मा जी ऐसे समर्पित और सच्चे सिपाही थे जो पूरी उम्र कंधे पर कांग्रेस का झंडा उठाये पार्टी की विचारधारा का प्रचार करते रहे। कांग्रेस का झंडा ही उनकी पहचान बन गया था। वे पैदल ही गांव–गांव घूमते थे और कांग्रेस की विचारधारा के बारे में लोगों को बताते थे। उनका समर्पण हमें सदैव प्रेरित करता रहेगा। ऐसे समर्पित लोग ही कांग्रेस की ताकत हैं जिनके दम पर कांग्रेस की विचारधारा गांव–गांव तक फैली।

**-प्रियंका गांधी वाड्रा**



# यंग इंडिया के बोल सीज़न 3 के पश्चिम बंगाल प्रभारी बने शम्स शाहनवाज



**पटना। कांग्रेस दर्पण**

बिहार यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष सीतामढ़ी छात्र नेता रहे मो. शम्स शाहनवाज को भारतीय युवा कांग्रेस के फ्लैगशिप कार्यक्रम यंग इंडिया के बोल सीज़न–3 के लिए पश्चिम बंगाल का प्रभारी नियुक्त किया गया है। सोमवार भारतीय युवा कांग्रेस के

## अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय छात्रसंघ के रह चुके हैं सचिव

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी ने नियुक्ति पत्र जारी किया। पश्चिम बंगाल का कार्यक्रम प्रभारी नियुक्त किए जाने पर पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए मो. शम्स शाहनवाज ने कहा कि यंग इंडिया के बोल कार्यक्रम तेज तर्रार युवाओं को ऐसा मंच देना है, ताकि जनहित के मुद्दों पर देश के नौजवान बेबाक और निर्भीक होकर अपनी बात रख सकें। इस कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले युवाओं को पार्टी प्रवक्ता बनने का अवसर मिलता है। शम्स ने यूथ कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावारू और राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी का धन्यवाद किया है।

# श्रीमती सुशीला देवी के निर्देश पर हाथ से हाथ जोड़ों कार्यक्रमः करबासीन की जनता

भोजपुर जिलाध्यक्ष श्रीमती सुशीला देवी के आदेश जारी करने पर करबासिन पंचायत के ताराचक गाँव में हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम को सही ढँग से नारेबाजी करते हुए किया गया। इस कार्यक्रम में वहाँ के ग्रामीण जनता का महत्वपूर्ण भूमिका रहा ।





शिवाजी नगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर कु व्यवस्था को लेकर अपने साथियों के साथ आमरण अनशन पर अजीत कुमार सिंह कांग्रेस नेता शिवाजी नगर समस्तीपुर बिहार



आज 13 मार्च,2023 को दूरदर्शन केन्द्र, पटना (बिहार) के 'दर्पण' कार्यक्रम में मगही कविता पाठ करने का सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ। इसका प्रसारण 15 मार्च, बुधवार को दिन के डेढ़ बजे होना निर्धारित है। कृपया समय निकालकर सुनने–देखने का कष्ट करेंगे।

# शिक्षक तथा स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों से महागठबंधन के उम्मीदवारों को कांग्रेस का पूर्ण समर्थन :डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह

## महागठबंधन के उम्मीदवारों को जिताने के लिए जुट जाएं कांग्रेस के एक–एक कार्यकर्ता

पटना। कांग्रेस दर्पण



**पटना।** बिहार विधान परिषद की चार सीटों पर हो रहे चुनाव तथा एक सीट पर हो रहे उपचुनाव को लेकर बिहार प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने पार्टी के सभी नेताओं–कार्यकर्ताओं तथा संगठन के पदाधिकारियों को निर्देश जारी किया है कि सभी एकमत होकर महागठबंधन के अधिकृत उम्मीदवारों को जिताने में जुट जाएं। इस आशय की जानकारी देते हुए बिहार प्रदेश कांग्रेस मीडिया कमेटी के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने बताया कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कांग्रेस पार्टी के सभी विधायकों–पूर्व विधायकों, विधान पार्षद–पूर्व विधान पार्षद, सांसद–पूर्व सांसद तथा संगठन के सभी स्तर के पदाधिकारी समेत तमाम जिलाध्यक्षों से अपील किया है कि बिहार विधान परिषद की सभी 5 सीटों पर हो रहे चुनाव पर महागठबंधन के उम्मीदवारों को जिताने के लिए चरणबद्ध तरीके से कार्य आरंभ कर दें। उन्होंने कहा कि गया स्नातक क्षेत्र से राजद के उम्मीदवार पुनीत कुमार सिंह, गया शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से जदयू के संजीव श्याम सिंह, कोशी शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से जदयू के संजीव कुमार सिंह तथा सारण स्नातक से जदयू के वीरेंद्र नारायण सिंह एवं सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से आनंद पुष्कर को सभी कांग्रेस के नेता तथा कार्यकर्ता चुनाव के दौरान एकजुटता के साथ पूर्ण सहयोग करेंगे। उन्होंने बताया कि महागठबंधन के सभी उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित है।

# बीजेपी ने पैसा लेकर एक खनन माफिया को एमएलसी का उम्मीदवार बनाया : डॉक्टर चंद्रिका प्रसाद यादव

## आखिर गया शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से एक बालू खनन माफिया को एमएलसी का उम्मीदवार बनाए जाने का क्या औचित्य

पटना। कांग्रेस दर्पण

जाने माने शिक्षाविद् एवं बिहार प्रदेश कांग्रेस के पॉलिटिकल अफेयर कमिटी के सदस्य डॉ चंद्रिका प्रसाद यादव ने बीजेपी द्वारा एक खनन माफिया को एमएलसी का उम्मीदवार बनाए जाने को लेकर जोरदार हमला बोला। उन्होंने बीजेपी पर पैसा लेकर टिकट देने का आरोप लगाया। श्री यादव ने कहा कि पार्टी विद डिफरेंस का नारा देने वाली बीजेपी ने आखिर एक बालू खनन माफिया को ऐसे निर्वाचन क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया है, जिसके सारे वोटर्स शिक्षक और शिक्षाविद् हैं। उन्होंने बीजेपी पर कटाक्ष करते हुए पूछा कि बालू खनन में अब शिक्षकों की भी जरूरत पड़ती है क्या?? बीजेपी द्वारा किए जा रहे पैसे के खेल पर जनता उसे मुंह तोड़ जवाब देगी। श्री यादव ने यह भी कहा कि शिक्षक बिरादरी अत्यंत ही समझदार होती है। उन्हें कोई बरगला नहीं सकता। ऐसे में उनके बीच एक बालू खनन माफिया की बीजेपी द्वारा उम्मीदवारी पेश करना उनके साथ एक घिनौना मजाक है। जिसका जवाब किसी भी स्थिति में शिक्षक समुदाय को देना होगा। उन्होंने पूछा कि क्या बीजेपी को



उम्मीदवारी के लिए कोई शिक्षा जगत का व्यक्ति नहीं मिला? बीजेपी ने यह सोच भी कैसे लिया कि आज का शिक्षक समाज एक खनन माफिया को स्वीकार कर लेगा। ऐसी उम्मीदवारी से यह साफ है कि बीजेपी में टिकट के लिए जोरदार पैसे का खेल चलता है। साफ है कि जिसके उम्मीदवारी की कहीं से भी स्वीकार्यता नहीं है ,बीजेपी में पैसा देकर वह भी अपनी उम्मीदवारी सुनिश्चित करवा सकता है।।

# बिहार के प्रत्येक ब्लॉक पर भाजपा के खिलाफ हल्ला बोल एक दिवसीय कार्यक्रम किया जाएगा

पटना। कांग्रेस दर्पण

भाजपा द्वारा देश में महंगाई जो चरम पर है गैस सिलेंडर का दाम बढ़ना बेरोजगार को रोजगार नहीं देना बड़े–बड़े उद्योगपति का कर्ज माफ कर देना गरीबों को अनदेखी करना जगह–जगह जाकर जुमला बाजी कर जनता को भड़काना यह मुद्दा लेकर पिछड़ा अति पिछड़ा बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष अनुराग चंदन ने कहा कि भाजपा जो रोजगार बेरोजगार युवाओं को दिग्भ्रमित कर रही है उसके खिलाफ बिहार के प्रत्येक ब्लॉक पर भाजपा के खिलाफ हल्ला बोल एक दिवसीय कार्यक्रम किया जाएगा ऑल उन्होंने कहा 2024 लोकसभा में भारतीय जनता पार्टी का पूरे देश से सफाया हो जाएगा क्योंकि यह पार्टी पिछड़ा एवं अति पिछड़ा का शोषण करने वाली पार्टी है राहुल गांधी के पदयात्रा में पूरे देश के पिछड़ा अति पिछड़ा नौजवानों का जो हिस्सेदारी देखने को मिला इससे यही संकेत मिलता है 2024 में कांग्रेस में आएगी राहुल गांधी हमारे देश के



प्रधानमंत्री बने इसके लिए पूरे बिहार के युवा कहा जाए तो पूरे देश के युवा गरीब का युवा का योगा अति पिछड़े समाज का युवा पिछले समाज का युवा दलित समाज का युवा जितने भी युवा वर्ग है पूरे देश में वो राहुल गांधी को देश का प्रधानमंत्री देखना चाहते हैं जय कांग्रेस जय पिछड़ा अति पिछड़ा कांग्रेस बिहार

**अनुराग चंदन, पिछड़ा अति पिछड़ा बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष**

# विश्व के लोकतंत्र के इकलौता महानायक राहुल गांधी की लोकप्रियता की आंधी :प्रो मिठू

**पटना । कांग्रेस दर्पण**

विश्व के लोकतंत्र के इकलौता महानायक, भारत के साहसी, सजग, संघर्षशील, जनप्रिय, लोकप्रिय, ईमानदार, कर्तवनिष्ठ विपक्ष, संपूर्ण देश में मोदी सरकार के गलत नीतियों, विफलताओं के खिलाफ आवाज बुलंद करने वाले राहुल गांधी की बढ़ती लोकप्रियता की आंधी से घबरा कर प्रधानमंत्री सहित उनके मंत्रिमंडल के सहयोगी तथा भाजपा, आर एस एस के लोग दिन, रात अनर्गल प्रलाप कर भारतवासियों को गुमराह करने की नाकाम कोशिश में लगे हैं।

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह क्षेत्रीय प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिठू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के सर्वमान्य नेता राहुल गांधी के संबंध में प्रधानमंत्री जी कर्नाटक में अनर्गल झूठी बातें कर देशवासियों को गुमराह करने की कोशिश किए, लेकिन भारत ही नहीं संपूर्ण विश्व राहुल गांधी जी के विदेश यात्रा के दौरान दिए गए भाषण, प्रेस कॉन्फ्रेंस को देखा और सुना है, उन्होंने अपने देश के आंतरिक मामलों के सवालों को देश के अंदर सुलझाने एवम् देश की एकता, अखंडता, संप्रभुता, सम्मान, के बारे में कभी कोई गलत बात नही की है।

प्रो मिठू ने कहा की राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा जो कन्याकुमारी से कश्मीर तक लगभग चार हजार किलोमीटर साढ़े पांच माह में चल कर देश के किसान, मजदूर, छात्र नौजवान, महिलाएं, बच्चे, बूढ़े आमजन से रूबरू होते हुए देश में बढ़ती कमरतोड़ महंगाई , चरम पर पहुंची बेरोजगारी, भरष्टाचार, घोटाला, नफरत, को समाप्त कराने हेतु










आवाज बुलंद करने से देश की सत्ता पर काबिज मोदी सरकार को आगामी लोकसभा चुनाव में हार की डर सताने लगी, जिससे भाजपा, आर एस एस, केंद्र सरकार पोषित लोगो के द्वारा अरबों खर्च कर राहुल गांधी और कांग्रेस के खिलाफ दुष्प्रचार, बनावटी बाते करने का काम किया।

प्रो मिठू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा जब, जब ललित मोदी,  मेहुल चौकसी, विजय माल्या, राफेल सौदा, पेगासस प्रकरण, अडानी प्रकरण आदि पर संसद से सड़क तक सवाल उठाए पूरी सरकार, भाजपा, आर एस एम, अंधभक्त लोग इसके समर्थन में सोशल मीडिया से लेकर सभी फ्रंट पर सक्रिय होकर या तो गलत कुतर्क देकर जनता को गुमराह करते है, या कोई धार्मिक उन्माद की बाते, राष्ट्रवाद की झूठी बाते, जुमलेबाजी से इन मुद्दो को दबाने का काम किया । जब देश के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अडानी, हिदनवर्ग प्रकरण की जांच हेतु छह सदस्यीय समिति गठित कर दो माह के अंदर बंद लिफाफे में रिपोर्ट जमा करने एवम् चुनाव आयोग के मुख्य चुनाव आयुक्त, एवम् आयुक्तों की नियुक्ति हेतु प्रधानमंत्री, नेता विरोधी दल, चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया, तीन सदस्यीय समिति के सिफारिस महामहिम राष्ट्रपति द्वारा नियुक्ति करने के ऐतिहासिक फैसले आने के बाद भी तो माननीय प्रधानमंत्री और उनके सहयोगियों को समझ नही आ रही है । प्रो मिठू ने कहा की सरकार के इशारे पर राज्यसभा के अध्यक्ष एवम् उपाध्यक्ष द्वारा राहुल गांधी के बारे में गलत, मनगढ़ंत, बनावटी बाते की गई, अंत तो तब हुआ जब चंद सरकार के मंत्री, भाजपा के बड़बोले सांसद भी अपनी हैसियत को भूल राहुल गांधी जी के संबंध में तथ्यहीन टिप्पणियां कर रहे हैं, लेकिन देश की महान जनता सब समझ रही है।

# राहुल गांधी जी से डरी सरकार

**पटना । कांग्रेस दर्पण**

आज दैनिक जागरण का पृष्ठ संख्या 13 का लगभग पूरा पन्ना राहुल गांधी जी की आलोचनाओं से भरा पडा है । डां देवकरण शर्मा , अश्विनी उपाध्याय और प्रदीप सिह जैसे बडे बडे भाजपाई विद्वानों  ने राहुल गांधी की खिल्ली उडाने का प्रयास किया है । इन विद्वानों ने न सिर्फ राहुल गांधी के खिलाफ जहर उगला है बल्कि भाषाई मर्यादाओं को भी तार तार कर रख दिया । ये महानुभाव क्यों विलाप कर रहे हैं वह तो आप जानते ही होंगे कि विदेश की धरती पर मोदीजी की तानाशाही को साफ और सरल भाषा में निर्भिक होकर राहुल गांधी जी ने कह डाल। उन्होंने क्या कहा यह आप सब भी जानते हैं और यह भी जानते हैं कि भाजपाइयों को मिर्ची क्यो लगी ।

आप सब लोग देख रहे हैं कि किस तरह भाजपा एण्ड कम्पनी और उसके सीइओ मोदीजी रात दिन राहुल गांधी को ही नीचा दिखाने में लगे रहते हैं ।

आलोचना हमेशा शक्ति की होती है , चर्चा हमेशा सामने खडा प्रबल विरोधी की ही होती है अथवा सदगुणी लोग सदैव ईश्वर की चर्चा करते रहते हैं । भाजपा एण्ड कम्पनी न तो सदगुणी लोग हैं और न तो राहुल गांधी जी ईश्वर ही हैं । स्पष्ट है कि भाजपा एण्ड कम्पनी को यदि किसी से डर है तो वह एकमात्र व्यक्ति है राहुल गांधी जी । भाजपाइयों का डर ही है जो रात दिन राहुल गांधी जी के पीछे पडा रहता है ।

मोदीजी भी खूब विदेश जाते हैं और क्या क्या अनर्गल प्रलाप करते हैं यह सर्वविदित है , कितनी भद्दी भद्दी बातें भारत के पूर्व प्रधानमंत्रियों के विरुद्ध बोलते हैं और कहते हैं कि भारत में मोदी सरकार के पहले कुछ नहीं था सबकुछ उन्होंने ही किया है इससे देश की बेइज्जती नहीं हुई ? राहुल गांधी जी ने वही कहा जो हम और आप देख रहे हैं , भोग रहे हैं ।

वर्तमान मोदी सरकार के समय में भारत की एक भी संवैधानिक संस्थायें नहीं है जिसपर प्रत्यक्ष या परोक्ष रुप से मोदी जी का नियंत्रण नहीं है ।सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश अवकाश ग्रहण करते हैं और बडे बडे पदों पर आसीन करा दिए जाते हैं , चुनाव आयोग कठपुतली की तरह नाच रही है , भ्रष्टाचार में आकंठ डुबे भाजपाई मौज कर रहे हैं तो ईडी और सीबीआई चुन चुन कर विरोधियों को निशाना बना रही है डराने धमकाने का प्रयास कर रही है ।क्या यही भारतीय लोकतंत्र है ? यही तो राहुल गांधी जी ने कहा।



भारत में एक मात्र राहुल गांधी जी ही ऐसे नेता हैं जो सिर्फ सत्य ही बोलते हैं और बिना लाग लपेट सीधे सीधे बोलते हैं । सत्य में अपार शक्ति होती है इस तथ्य को राहुल गांधी जी जानते हैं और झूठ की बुनियाद पर खडी भाजपा को डर तो बस सत्य के मार्ग पर डटे राहुल गांधी जी से ही है। भाजपा और उसकी सरकार में बडा से बडा भ्रष्टाचारी गया बडा से बडा अत्याचारी गया और जाते ही वह संत कहलाने लगता है तो ऐसी स्थिति में सत्य के मार्ग पर डटे महासंत से उसका डर लगना स्वाभाविक है ।


राहुल गांधी जी सही मायने में महात्मा गांधी के अवतार हैं जो कष्ट सहना जानते हैं लेकिन सत्य के मार्ग से डिगना नहीं जानते हैं । सत्य के पथ पर चलनेवाले व्यक्ति का डर खत्म हो जाता है और विरोधी भयभीत रहता है । महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा का प्रयोग दुनिया को दिखा दिया है और आज राहुल गांधी जी देश ओर दुनिया के सामने सत्य का डंका बजा रहे हैं तो स्वभाविक है असत्य डरेगा ही आलोचना करेगा ही ,इससे घबराना क्या ?

**लेखक....**
**अजय कुमार झा**
**कांग्रेस नेता**
**164 तारापुर विधानसभा क्षेत्र**
**(मुंगेर) बिहार ।**

# कांग्रेस पार्टी महागठबंधन के साथी से विचार–विमर्श उपरांत अभी से उम्मीदवार तय करें, मिलकर लड़ाई लड़े,तो लोकसभा में कामयाबी कदम चूमेगी

पटना ।कांग्रेस दर्पण

सरकार में हिस्सेदारी नगण्य होने से पार्टी कार्यकर्ता घबराएं नहीं। विधान परिषद की 5 सीटों पर हो रहे चुनाव को लेकर महागठबंधन में भले उम्मीदवारों की घोषणा महागठबंधन के तमाम प्रतिनिधियों की मौजूदगी में कर दी गई। हमें उचित स्थान नही मिला।कांग्रेस हाशिए पर खड़ी दिख रही है। फिर भी मजबूत साथी कांग्रेस को ना तो उपचुनाव में भागीदारी मिली और ना ही विधान परिषद के चुनाव में यही वजह है कि प्रदेश कांग्रेस की पॉलिटिकल एस्क्रिनिंग कमिटी की बैठक में कुछ सदस्यों ने नाराजगी व्यक्त की। लेकिन आगामी लोकसभा चुनाव में हिस्सेदारी मांगने का इंतजार आलाकमान एवम बिहार प्रदेश अध्यक्ष को है,रणनीतिकार की निगाहें 2024 का लोकसभा चुनाव है। कांग्रेसी नजर नजरअंदाज करने को लेकर तब बात उठाई जाएगी,तब दबाव बनाकर 8 सीटों पर चुनाव लड़ने का दबाव बना सकती है। कांग्रेस अभी तक तो विपक्षी एकता की मुहिम से यही लगता है, कि देश भर में थर्ड फ्रंट बनने जा रहा है, जहां कांग्रेस आगामी लोकसभा चुनाव बिहार के अलावे राष्ट्रीय पैमाने पर अकेले,अपने दम पर



लड़ेगी। दूसरी तरफ प्रमुख प्रतिद्वंदी भाजपा देश की बात छोड़िए,बिहार के बेगूसराय से चुनावी प्रचार शुरू कर चुकी है। उदाहरण के तौर पर पहली बार बिहार और बेगूसराय पहुंची। ओलंपिक की कमान संभाल रहे भारत की उड़न परी पीटी उषा से भाजपा ने खेल के बहाने, जिले के चार विधानसभा क्षेत्र में रोड शो करवा ली, और गांधी स्टेडियम बेगूसराय में खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की पुल बंधवा ली। खेल खिलाड़ियों महिलाओं की गरिमा को सर्वोच्च स्थान दे रहे हैं मोदी ! ऐसा बोलकर तीनों को भाजपा की ओर आकर्षित करने का प्रयास पीटी उषा ने की। यद्यपि कार्यक्रम सरकारी था।लेकिन मंच,मैदान, सड़क और धार्मिक स्थलों पर भाजपा कार्यकर्ता का एकाधिकार देखने को मिला।दूसरे दल के ओहदेदार खिलाड़ियों,खेल पदाधिकारियों को भनक तक नही लगने दिया गया।

काँग्रेस पार्टी महागठबंधन के साथी से विचार–विमर्श उपरांत अभी से उम्मीदवार तय करे, मिलकर लड़ाई लड़े, तो कामयाबी कदम चूमेगी.........

**–रणजीत कुमार मुखिया जी, पूर्व जिला सचिव, बेगूसराय, कांग्रेस कमेटी**

## आवशयक सुचना

राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) जहानाबाद

विषयः दिनांक 018 मार्च 2023 को अपराहन 12 बजे इंटक जहानाबाद जिला कमिटी कि बैठक कि सुचना

प्रिय साथियों

आप सभी को सूचित किया जाता है कि प्रदेश अध्यक्ष माननीय चंदप्रकाश सिंह के निर्देशानुसार इंटक, जिला कार्यालय प्रेम नगर होरीलगंज जहानाबाद के प्रांगण में दिनांक 018 मार्च 2023 को अपराह्न 12बजे इंटक जहानाबाद जिला कमिटी के सभी सदस्यों एवम् पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया है।

अतः आप सभी साथियों से अनुरोध है कि उक्त जिला कमिटी कि बैठक में समय पर अपनी उपस्थिति अनिवार्य रूप से दर्ज करने की कृपा करे

आपका ही साथी

राजेश कुमार शर्मा    इंटक जिला अध्यक्ष जहानाबाद




सच्चर कमीशन की की रिपोर्ट के संबंध में दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन हाशिम अब्दुल हलीम फाउंडेशन ने कोलकाता में किया जिसको मैं मैंने अपने विचार रखे , इस अवसर पर पूर्व सांसद मोहम्मद सलीम और जमीरउद्दीन शाह ने भी संबोधित किया

